# द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट मैनेजमेन्ट अकाउन्टेंट्स नॉर्दर्न इंडिया रिजीनल काउंसिल द्वारा आयोजित छात्र सम्मेलन में माननीय अध्यक्ष का सम्बोधन

------

## विषय: राष्ट्र निर्माण में कोस्ट मैनेजमेन्ट अकाउन्टेंट्स की भूमिका

द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट मैनेजमेन्ट अकाउन्टेंट्स द्वारा आयोजित उत्तरी भारत क्षेत्रीय छात्र सम्मेलन में आज आप सभी युवाओं के बीच आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। आज आप सभी अपनी पढ़ाई पूरी कर के अपने करिअर की राह में आगे बढ़ रहे हैं।

आप सभी को आपके उज्ज्वल करियर के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

आजादी के बाद इन 75 से अधिक वर्षों में जिस गति से हमारा देश आगे बढ़ा है, जिस तरह हमारे यहाँ अर्थव्यवस्था, तकनीक और प्रौद्योगिकी में बदलाव हुए हैं; उसी तरह ICMAI ने भी शिक्षण प्रशिक्षण के अपने तरीकों को अपडेट किया है और यही कारण है कि आज ICMAI की पहचान पूरे विश्व में एक उत्कृष्ट संस्थान के रूप में बनी है।

आपकी जो शिक्षा है, उसका संबंध इस बात से है कि कैसे हम अपने बिजनेस को और अधिक कुशल बना सकते हैं, उसे निवेशकों के लिए और अधिक लाभदायक बना सकते हैं।

लेकिन इसका एक दूसरा पक्ष भी है। आप जिस कंपनी में काम कर रहे हैं, वह देश के अंदर रोजगार दे रहा है, वस्तुओं और सेवाओं के सृजन द्वारा देश के लिए एक वैल्यू भी सृजित कर रहा है।

आज के आपके सम्मेलन का विषय भी यह है कि राष्ट्र के निर्माण में कॉस्ट प्रबंधन अकाउन्टेंट की क्या भूमिका हो। यह विषय न केवल सामयिक है बल्कि प्रासंगिक भी है। हमारे देश के तेजी से विकसित हो रहे आर्थिक परिदृश्य में, आप की भूमिका तेजी से महत्वपूर्ण हो रही है।

बदलते परिप्रेक्ष्य में जिस प्रकार कॉस्ट अकाउन्टेंट के पैमाने बदले हैं, पद्धतियाँ बदली हैं, ऐसे ही देश भी पिछले दशकों में अनेक बदलावों से गुजरा है। आज जब हम एक नए और आत्म-निर्भर भारत के निर्माण की दिशा में, विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की दिशा में हैं, इसमें आप जैसे युवाओं की भूमिका काफी महत्वपूर्ण बन जाती है।

आपकी भूमिका लागत और प्रबंधन लेखांकन और वित्तीय लेनदेन की रिकॉर्डिंग मात्र नहीं है। आप की भूमिका है कि आप अपनी कंपनी के लिए विभिन्न मुद्दों पर एक सुविचारित निर्णय लें, उसके विस्तार के लिए रणनीतिक योजनाएं बनाएं और संसाधनों का ऐसा कुशल उपयोग सुनिश्चित करें कि उससे ना सिर्फ आपकी कंपनी आगे बढ़े, आपके निवेशकों को और आपके देश को भी उसका पूरा लाभ हो। एक प्रकार से हमारे देश के समग्र विकास आपकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है।

आप का ज्ञान, आपकी प्रतिभा केवल इसमें नहीं है कि आप अपनी कंपनी के वित्तीय विशेषज्ञ हैं बल्कि आप के काम से देश की वित्तीय स्थिरता का भी निर्धारण होता है। अर्थव्यवस्था के हर मोर्चे पर आपका योगदान महत्वपूर्ण है।

विदेशी निवेश, रोजगार सृजन होता है, उपभोक्ताओं के क्रय शक्ति, निर्यात बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक होना इन सभी क्षेत्रों में आपका महत्वपूर्ण योगदान है।

चाहे व्यवसाय का क्षेत्र हो, शिक्षा हो या पर्यटन, एक प्रॉडक्टिव आबादी के बल पर ही एक सफल अर्थव्यवस्था का निर्माण किया जा सकता है। और यह प्रोडक्टिविटी आपके बिना अधूरी है।

इस तरह, आर्थिक विकास के विभिन्न आयामों में आपकी बड़ी भूमिका है। देश के अंदर विकास कार्यों के लिए कितनी राशि उपलब्ध होगी, यह भी आपके काम से ही निर्धारित होगा।

आपका विश्लेषण नीतियों के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देगा जो देश के आर्थिक विकास के लिए और हमारे नागरिकों के समग्र कल्याण को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होगा।

यह हमारे लिए खुशी की बात है कि आज बदलाव के मार्ग का नेतृत्व हमारे करोड़ों युवा साथी कर रहे हैं। देश के हमारे युवा मित्र उर्जा और संकल्प से भरे हैं, आशा और आकांक्षाओं से भरे हैं, ये हमारे न्यू इंडिया के यूथ हैं। आज हम न सिर्फ विश्व स्तरीय उत्पाद बना रहे हैं, बल्कि विश्व स्तर पर अपनी मजबूत पहचान भी बना रहे हैं।

राष्ट्र के निर्माण के लिए समाज के हर वर्ग, हर प्रोफेशन के लोगों को अपना सर्वोत्तम योगदान करने की आवश्यकता है। सरकारें अपना काम कर रही हैं, लेकिन जब तक प्रत्येक नागरिक इस महान अभियान का भागीदार नहीं बनेगा, हमारा देश आगे नहीं बढ़ सकता।

साथियों, भारत आज दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। बड़ी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिस प्रकार से मजबूत नेतृत्व और निर्णायक फैसले लेने की की क्षमता के कारण हमने अपने देश के अंदर तेजी से सामाजिक आर्थिक बदलाव किए हैं, दुनिया हमें बहुत उम्मीदों से देख रही है।

आज देश में 1 लाख 15 हज़ार से अधिक स्टार्ट-अप और 110 से अधिक यूनिकॉर्न एक्टिव हैं। बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय कंपनियां भारत में अपने मैन्युफेक्चरिंग प्लांट लगाना चाहती हैं, भारत में इन्वेस्ट करना चाहती हैं।

मोबाईल फोन से लेकर लैपटॉप तक सबसे अधिक हमारे देश में बन रहे हैं। आज दुनिया भारत को मैन्युफैक्चरिंग पॉवर हाउस के रूप में देख रही है।

मेड इन इंडिया और मेक इन इंडिया के सामने आज असीमित संभावनाएं हैं। और इसमें आपके लिए भी असीमित संभावनाएं हैं।

इसमें आप जैसे युवा कॉस्ट मैनेजमेन्ट अकाउन्टेन्ट्स की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। हम कंपनी के साथ, उसके कर्मचारियों और उपभोक्ता के हितों को देखते हुए किस तरह अपना सर्वश्रेष्ठ दें, ताकि देश विकास के मार्ग पर अधिक तेजी से आगे बढ़ सकें; आज आपसे यही अपेक्षा है।

आज दुनिया में बड़ी-बड़ी कंपनियों में भारतीय नेतृत्व कर रहे हैं। आईटी टेक्नॉलजी से लेकर विनिर्माण तक की बड़ी कंपनियों का नेतृत्व आज भारतीय कर रहे हैं। यह हमारे नौजवानों की क्षमता है कि हर प्रोफेशन में; चाहे डॉक्टर हो, इंजीनियर हो, अकाउन्टेन्ट हो; भारत का ही बोलबाला है।

आज दुनिया में वही देश विकसित हैं, जिन्होंने 100 – 150 साल पहले औद्योगिक क्रांति का पूरा लाभ उठाया और अपने यहाँ बड़े पैमाने पर उद्योगों की स्थापना की। भारत उस समय स्वाधीन नहीं था। हमारी आज़ादी को अभी 75 – 76 वर्ष ही हुए हैं। बावजूद इसके हम अपने पूर्ण सामर्थ्य के साथ आगे बढ़े हैं।

भारत आज तेज गति से डिजिटल इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है। शहर से लेकर गांव तक आज लोग डिजिटल भुगतान कर रहे हैं। यूपीआई का उपयोग साल दर साल बढ़ रहा है।

ऐसे में वित्त का प्रबंधन और लेखांकन देखने वाले प्रोफेशनल्स के सामने नई चुनौती, नए अवसर और नई संभावनाएं बन रहीं हैं।

इस समय में हम किस तरह से अपने करियर को आगे बढ़ाएं और अपने करियर के साथ अपने देश और समाज को आगे लेकर जाएं; आज यह हमारी सबसे बडी जिम्मेदारी है।

हम निष्ठा और नैतिकता के साथ काम करें, एक बड़ा विजन लेकर काम करें। जहां हमें जिम्मेदारी मिले, वहाँ सिस्टम को अधिक ट्रैन्स्पैरन्ट (पारदर्शी) और विश्वसनीय बनाएं; यह हमारा प्रयास होना चाहिए। देश में जिस गति से कंपनियों का मुनाफा बढ़े, उसी रफ्तार से हमारी अर्थव्यवस्था और हमारा देश आगे बढ़े।

मुझे बहुत खुशी हुई कि आपने अपने इस कन्वेन्शन की थीम "राष्ट्र निर्माण में कॉस्ट मैनेजमेन्ट अकाउन्टेंट्स की भूमिका" रखी। निश्चय ही "कॉस्ट मैनेजमेन्ट अकाउन्टेंट्स" विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

अंत में, मैं इस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और वित्तीय नेताओं की नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया को हार्दिक बधाई देता हूं।

मैं उत्तरी भारत क्षेत्रीय छात्र सम्मेलन के सभी प्रतिभागियों के लिए उपयोगी और समृद्ध अनुभव की भी कामना करता हूं।

आशा है कि आज आपके विचार-विमर्श से नवीन समाधान और विचार सामने आएंगे जो हमारे महान राष्ट्र की नियति को आकार देंगे। आशा करता हूँ कि यह सम्मेलन लागत एवं प्रबंधन लेखा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करता रहे।

आप सबको नव वर्ष की शुभकामनाएं। धन्यवाद।

------